रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिंदाउट प्रीपेमेन्ट)

# सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 27 अगस्त, 2022 ई० (भाद्रपद 5, 1944 शक संवत्)

भाग 3

स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, खण्ड-क–नगरपालिका परिषद्, खण्ड-ख–नगर पंचायत, खण्ड-ग–निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा खण्ड-घ–जिला पंचायत।

### खण्ड-घ–जिला पंचायत

29 अक्टूबर, 2021 ई0

सं0 56 / 23.03 / 2018.20–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित) की धारा 239(2) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत मेरठ ने जनपद मेरठ स्थित ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत मिल / कारखाना / उद्योग / दुकानात आदि नियंत्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से पूर्व में प्रचलित उपविधियों में संशोधन सहित नवीन उपविधियां बनायी गयी है, जिसकी मैं सुरेन्द्र सिंह, आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ उक्त अधिनियम की धारा–242 (2) के अन्तर्गत पुष्टि करता हूँ, जो शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

**उपविधियां**

अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन, पंचायती राज विभाग, लखनऊ के आदेश संख्या–1152 / 33–2–2017–62जी / 17 दिनांक 04.04.2018 के अनुपालन में विभिन्न प्रकार के उद्योगों के लईसेन्स फीस की दरों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से पूर्व में संचालित उपविधि को अतिक्रमित करते हुए निम्न प्रकार उपविधि बनायी गयी है, जो निम्न प्रकार है:–

1–ये उपविधियां जिल पंचायत, मेरठ की कारखाना, उद्योगों, दुकानात, संग्रह केन्द्र एवं अन्य व्यवसाय आदि नियन्त्रण उपविधियां कहलायेगी।

2–ये उपविधियां जनपद मेरठ के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों पर शासकीय गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।

3–इन उपविधियों के प्रभावी होने के दिनांक से इस विषय से सम्बन्धित पूर्व प्रचलित उपविधयां निरस्त हो जायेगी।

4–ये उपविधियां वर्तमान एवं भविष्य में स्थापित एवं संचालित होने वाले सभी कारखानों, उद्योगों, दुकानात संग्रह केन्द्रों एवं अन्य व्यवसायों आदि पर प्रभावी होगी तथा उन्हें नियन्त्रित एवं विनियमित करेगी।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

5—(1) ग्रामीण क्षेत्र का तात्पर्य उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 की (यथासंशोधित) धारा 2 (10) के अनुसार होगा।

(2) शक्ति का अर्थ वही होगा जैसा कि उ0 प्र0 कारखाना अधिनियम 1948 (यथासंशोधित) में परिभाषित है।

(3) औषधि भेषज का तात्पर्य भारतीय ड्रग्स अधिनियम 1940 की धारा 3बी में औषधि भेषज का परिभाषित है।

(4) विषद भेषज का तात्पर्य भारतीय ड्रग्स अधिनियम 1940 (यथा संशोधित) के अधीन परिभाषित विषद भेषज से है।

(5) पेट्रोलियम पदार्थ का तात्पर्य पेट्रोलियम अधिनियम 1934 (यथा संशोधित) में परिभाषित पेट्रोलियम पदार्थ से है।

(6) चीनी मिल का यही अर्थ होगा जो उ0प्र0 चीनी नियन्त्रित अधिनियम 1938 की धारा 3 के क्रमशः जे0बी0 में परिभाषित है।

(7) कारखाना उद्योग का अर्थ ऐसे अहाता अथवा तत्सम्बन्धी उसकी भूमि की पूरी सीमाओं से, जिसके किसी भाग में किसी वस्तु का उत्पादन क्रिया में साधाराणतया शक्ति का प्रयोग किया जाता है।

(8) व्यवसाय दुकानात का तात्पर्य ऐसे संस्थान से जिसके किसी भाग में अथवा जहां से किसी वस्तु का क्रय विक्रय किया जाता है।

(9) संग्रह केन्दों का अर्थ ऐसे अहाते, भवन तत्सम्बन्धी उनकी भूमि की पूरी सीमाओं से है जिसके किसी भाग में किसी वस्तु की संग्रह क्रिया सामान्यतः की जाती है।

(10) संस्थाओं का तात्पर्य ऐसी भूमि तथा भवन से है जिसके किसी भाग का व्यवसायिक रूप में प्रयोग किया जाता है।

(11) लाइसेंस अधिकारी का तात्पर्य अपर मुख्य अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत कार्य अधिकारी, जिला पंचायत, मेरठ से है।

(12) स्वामी के अन्तर्गत मासिक, भागीदार, निदेशक, प्रबन्धक तथा ऐसा व्यक्ति है जो कारखाना व्यवसाय दुकानात, संग्रह केन्द्र व संस्थाओं आदि की देख-रेख कर रहा है।

6—कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, पार्टनरशिप, फर्म या अन्य संस्था आदि जनपद मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों में तब तक कोई कारखाना, व्यवसाय, दुकान, संग्रह केन्द्र व संस्थाओं आदि की स्थापना एवं संचालन नही कर सकेगा जब तक उसके द्वारा जिला पंचायत, मेरठ से अनुज्ञा-पत्र प्राप्त न कर लिया हो।

7—अनुज्ञा-पत्र की अवधि 01 अप्रैल से आगामी 31 मार्च तक होगी। चाहे वह उक्त अवधि में कभी भी लिया जाये।

8—लाइसेंस अधिकारी की इन उपविधियों में से किसी भी धारा के आंशिक या पूर्ण उल्लंघन होने की स्थिति में अनुज्ञा-पत्र निलम्बित अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

9—लाइसेंस अधिकारी के आदेश के विरुद्ध 15 दिन के अन्दर अध्यक्ष, जिला पंचायत मेरठ को अपील की जा सकेगी, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।

10—अनुज्ञा-पत्र के लिए आवेदन-पत्र कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर प्राप्त किया जा सकेगा।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

11–कारखाना, व्यवसाय, दुकानात, संग्रह केन्द्र एवं संस्थाओं के प्रारम्भिक कार्य करने के एक माह पूर्व आवेदन-पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा तथा नवीनीकरण के लिए वर्षान्त होने के कम से कम 15 दिन पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।

12–व्यवसाय चालू रहने पर अनुज्ञा-पत्र का नवीनीकरण 30 जून तक कराना अनिवार्य होगा। इसके उपरान्त 30 सितम्बर तक कराने पर लाइसेंस शुल्क का 50 प्रतिशत विलम्ब शुल्क अतिरिक्त देय होगा तदुपरान्त अनुज्ञा-पत्र प्राप्त न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उपविधि नं0 34 के अधीन अपराधिक मुकद्दमा दर्ज किया जा सकता है।

13–कारखाना उद्योग, व्यवसाय, दुकानात, संग्रह केन्द्र व संस्थाओं की ईकाई के मालिक/स्वामी यदि लाइसेंस अधिकारी के आदेश/निर्देशों का पालन न करें तो उनके विरुद्ध सी0आर0पी0सी0 की धारा 133 के अधीन कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी।

14–कारखाना उद्योग, व्यवसाय, दुकानात, संग्रह केन्द्र व संस्थाओं आदि के स्थल का निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग के जिले मैं तैनात अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, कार्याधिकारी, कर अधिकारी या जिला पंचायत, मेरठ के किसी अधिकृत कर्मचारी द्वारा किया जायेगा तथा मालिक/स्वामी उक्त अधिकारियों का निरीक्षण में पूर्ण सहयोग देंगे।

15–कोई व्यक्ति, फर्म कम्पनी आदि कोई ऐसी सूचना नही देंगे जो असत्य हो तथा इन उपविधियों से सम्बन्धित कोई भी सूचना अपर मुख्य अधिकारी, कार्याधिकारी, कर अधिकारी या जिला पंचायत मेरठ का कोई अधिकृत कर्मचारी मांगे तो इन्कार नहीं करेगा।

16–किसी भी कारखाना उद्योग, व्यवसाय दुकान, संग्रह केन्द्र संस्था आदि में 18 वर्ष से कम आयु के बालक अथवा किसी संक्रामक या घृणास्पद रोगी को कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

17–उपर्युक्त सभी प्रकार की इकाई को हर समय अपने केन्द्र पर परिसर तथा उसके आस-पास लाइसेंस अधिकारी के संतोषानुकूल प्रदूषणहीन एवं स्वास्थ्य पर्यावरण बनाये रखना होगा।

18–कारखाने की चिमनी पड़ोसी की सबसे ऊँची इमारत से 20 फिट से कम ऊंचाई की नही होनी चाहिए।

19–कारखाने में शोरगुल रोकने हेतु ध्वनिरोधक यन्त्र लगाने होंगे।

20–कारखाने से निकलने वाले प्रदूषित पानी अथवा किसी गन्दे क्षोभकर अथवा हानि पदार्थ के किसी नदी, तालाब या जल सम्भरण के अन्य स्रोत या उसके किसी ऐसे निर्दिष्ट भाग में पानी पीने या स्नान करने के प्रयोजनों के उपयोग में लाया जाता हो, नही डाला जायेगा। कारखाना मालिक को प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा प्रमाणित यन्त्र लगाने अनिवार्य होंगे, जिससे स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद पानी कारखाने के बाहर निकले तथा पानी निकासी हेतु उचित व्यवस्था करनी होगी।

21–औषधि भेषजों का रखने, उनके विक्रय एवं औषधी योजन, विनियमत तत्समय संशोधित अधिनियमों के उपबन्धों के अधीन होंगे तथा नियमों, उपनियमों एवं शासनादेशों द्वारा औषधि भेषजों की नियत अवधि समाप्त होने के पश्चात् उनका विक्रय अथवा उपयोग नहीं किया जायेगा।

22–यदि कोई औषधि भेषज पदार्थ अनुपयुक्त हो तो लाइसेंस अधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी उसका अधिग्रहण कर सकता है या उसको नष्ट कर सकता है कि बिक्री के लिए प्रदर्शित या उपयोग में न लाया जा सके।

23–यदि समुचित रूप से सन्देह हो जाये किसी भेषज अपमिश्रण किया गया है अथवा नियत अवधि समाप्त हो जाने अथवा जलवायु के प्रभाव के कारण अस्वास्थ्यकर हो गया है तो लाइसेंस अधिकारी या उसके द्वारा कोई अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी उसके लिए एक रसीद देकर उसे अपने नियन्त्रण में ले सकता है और उसके मजिस्ट्रेट के सम्मुख प्रस्तुत कर सकता है, यदि मजिस्ट्रेट को यह सुनिश्चित हो जाये कि भेषज अस्वास्थ्यकर हो गया हो तो वह उसको नष्ट करने का आदेश दे सकता है और यदि यह प्रकट हो जाये कि उसने कोई अपराध किया है तो वह उसकी एफ0आई0आर0 दर्ज करने की कार्यवाही कर सकता है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

24—बिक्री के लिए सुरक्षित वस्तुओं की अद्यतन रूप से स्वच्छ एवं उपयोगी स्थिति में रखना अनिवार्य होगा।

25—इन उपविधियों की धारा 21, 22 व 23 के अन्तर्गत तब तक कार्यवाही सम्पादित नहीं की जायेगी जब तक कि लाइसेंस अधिकारी द्वारा अनज्ञा-पत्र जारी न कर दिया गया हो।

26—कारखाना, व्यवसाय, दुकान, संग्रह केन्द्र व संस्थाओं आदि के स्वामी की एक निरीक्षण पंजिका रखनी अनिवार्य होगी, जो क्षेत्रीय कर निरीक्षक से अभिमाणित होगी तथा निरीक्षण के समय अधिकारियों/कर्मचारियों के मांगने पर उक्त पंजिका प्रस्तुत करनी होगी। जिससे निरीक्षणकर्ता अपनी निरीक्षण टीप उक्त पंजिका पर अंकित कर सकें एवं अनुज्ञा-पत्र नवीनीकरण के समय लाइसेंस अधिकारी निरीक्षण टीपों का भली-भांति अध्ययनोपरान्त ही नवीनीकरण सम्बन्धी कार्यवाही करेगा।

27—विक्रय केन्द्रों पर मूल्य सूची एवं स्टॉक सूची का बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। उक्त बोर्ड का परिमाप एक मीटर लम्बा एवं आधा मीटर चौड़ाई से कम नहीं होगा।

28—कारखाना संग्रह केन्द्रों एवं संस्थाओं आदि पर शौचालय की आवश्यकतानुसार उचित व्यवस्था करनी होगी।

29—इन उपविधियों के अन्तर्गत निर्धारित लाइसेंस शुल्क की देनदारी यदि किसी व्यक्ति पर किसी वर्ष या पूर्वगामी वर्षों का देय है तो उसकी वसूली अधिकार अधिनियम के चैप्टर 8 की धारा 147 से 160 के प्राविधानानुसार यथास्थिति की जायेगी।

30—विक्रय केन्द्रों पर बाट तथा माप विभाग से प्रमाणित माप-तौल के उपकरण रखने होंगे।

31—कूड़े अथवा खाद के गड्ढों के 50 मीटर के अन्दर कोई भी व्यवसाय, दुकान आदि नहीं खोली जायेगी।

32—जिला पंचायत, मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मिल कारखानों, उद्योगों, व्यवसायों, दुकानों संग्रह केन्द्रों व संस्थाओं आदि के लिए विकास आदि की सुविधाएँ मुहैया करायेंगी।

33—जिला पंचायत, मेरठ के क्षेत्रान्तर्गत चीनी मिल क्रेशर शक्ति चालित गन्ना पेरने का कोल्हू आदि की लाइसेंस अवधि 01 अक्टूबर से 30 सितम्बर तक रहेगी। लाइसेंस 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक नवीनीकरण न कराने की स्थिति में 01 नवम्बर से विलम्ब शुल्क, लाइसेंस शुल्क का 50 प्रतिशत देय होगा।

34—कारखानों, व्यवसाय, दुकानों, संग्रह केन्द्रों एवं संस्थाओं आदि की अनुज्ञा-पत्र प्राप्त करने हेतु निम्नानुसार प्रतिवर्ष लाइसेंस शुल्क/नवीनीकरण शुल्क देय होगा:—

| क्र0 सं0 | मद का नाम | वर्तमान दर | [redacted] संशोधित दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | रु0 | रु0 |
| 1 | चीनी मिल | 20,000 | 50,000 |
| 2 | क्रेशर हाईड्रोलिक सल्फीटेशन | 5,000 | 4,000 |
| 3 | क्रेशर नॉन हाईड्रोलिक सल्फीटेशन | 5,000 | 4,000 |
| 4 | क्रेशर नॉन हाईड्रोलिक नॉन सल्फीटेशन | 2,000 | 2,500 |
| 5 | शक्ति चलित गन्ना पेरने का कोल्हू | 150 | 400 |
| 6 | शक्ति चलित केन्द्रापग (खांड मशीन) | 500 | 1,000 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 7 | शक्ति चलित केन्द्रापग (खांड मशीन) | 150 | 200 |
| 8 | उत्पादन प्रक्रिया में सहयोग कर रहा क्रिस्टीलाईजर | 200 | 300 |
| 11 | धान कूटने का मिल (राइस सेलर) | 6,000 | 2,500 |
| 12 | एक्सपेलर | 300 | 500 |
| 13 | आरा मशीन | 500 | 2,000 |
| 14 | खराद मशीन | 500 | 1,000 |
| 15 | पॉवरलूम (प्रत्येक) | 600 | 1,000 |
| 16 | रेशम से कपड़ा बनाने का कारखाना | 2,500 | 4,000 |
| 17 | सरिया बनाने का कारखाना | 7,000 | 15,000 |
| 18 | लोहा बनाने का कारखाना (प्रत्येक भट्टी) | 5,000 | 5,000 |
| 19 | बर्फ बनाने का कारखाना (200 सिल्ली तक) | 2,000 | 2,000 |
| 20 | बर्फ बनाने का कारखाना (उपरोक्त से अधिक) | 3,000 | 4,000 |
| 21 | गत्ता बनाने का कारखाना (बड़ा) | 5,000 | 7,000 |
| 22 | पेपर कोन का कारखाना | 3,000 | 4,000 |
| 23 | पेपर रोल बनाने का कारखाना | 3,000 | 8,000 |
| 24 | कागज बनाने का कारखाना (10 टन क्षमता) | 4,000 | 10,000 |
| 25 | कागज बनाने का कारखाना (10 टन से 20 टन तक क्षमता) | 7,000 | 15,000 |
| 26 | कॉगज बनाने का कारखाना (20 टन से अधिक 30 टन तक क्षमता) | 13,000 | 30,000 |
| 27 | कॉगज बनाने का कारखाना (30 टन से अधिक क्षमता) | 15,000 | 50,000 |
| 28 | दूध का पाउडर या दूध से अन्य पदार्थ बनाने का कारखाना | 8,000 | 10,000 |
| 29 | चिलिंग प्लांट | 5,000 | 8,000 |
| 30 | स्टील, आयरन आदि पाईप बनाने का कारखाना 2 ईंच मोटाई तक | 8,000 | 25,000 |
| 31 | स्टील, आयरन आदि पाईप बनाने का कारखाना 2 ईंच मोटाई से अधिक | 20,000 | 50,000 |
| 32 | मशीन या यन्त्र बनाने का कारखाना | 2,000 | 7,000 |
| 33 | फल या सब्जियां एवं खाद्य पदार्थ सुरक्षित रखने का कारखाना (कोल्ड स्टोरेज 50000 बैग तक) | 8,000 | 10,000 |
| 34 | फल या सब्जियां एवं खाद्य पदार्थ सुरक्षित रखने का कारखाना (कोल्ड स्टोरेज 50000 बैग से अधिक क्षमता) | 8,000 | 15,000 |
| 35 | पिक्चर ट्यूब बनाने का कारखाना | 4,000 | 5,000 |
| 36 | हाटमिक्स प्लांट | 4,000 | 10,000 |
| 37 | रबड़ की वस्तुयें बनाने का कारखाना | 2,000 | 2,000 |
| 38 | चीनी मिट्टी के बर्तन, टाइल्स बनाने का छोटा कारखाना | 1,000 | 2,000 |
| 39 | चीनी मिट्टी के बर्तन, टाइल्स बनाने का बड़ा कारखाना | 2,500 | 7,000 |
| 40 | मसाले की ईट आदि बनाने का कारखाना (सिरेमिक्स) | 5,000 | 8,000 |
| 41 | पीतल एल्युमिनियम, स्टील, शीशे, तांबे व टीन आदि से वस्तु बनाने का कारखाना | 3,000 | 4,000 |
| 42 | वनस्पति / देसी घी व रिफाइन्ड बनाने का कारखाना | 12,000 | 15,000 |
| 43 | शराब, स्प्रिट या एल्कोहल बनाने का कारखाना | 20,000 | 50,000 |
| 44 | कृषि सम्बन्धी यन्त्र बनाने का कारखाना | 2,000 | 4,000 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 45 | फर्टीलाइजर या कीटनाशक दवाई बनाने का कारखाना | 4,000 | 10,000 |
| 46 | खाण्डसारी उद्योग के यन्त्र बनाने का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 47 | प्लास्टिक का दाना, फिल्म या बैग बनाने का कारखाना | 2,500 | 4,000 |
| 48 | प्लास्टिक के पाईप, टैंक आदि बनाने का कारखाना | 4,000 | 7,000 |
| 49 | बिजली के सामान बनाने का कारखाना | 2,000 | 4,000 |
| 50 | कपड़ा कंबल आदि की रंगाई/छपाई या फिनीशिंग का कारखाना (छोटा) | 1,000 | 2,000 |
| 51 | कपड़ा कंबल आदि की रंगाई/छपाई या फिनीशिंग का कारखाना (बड़ा) | 3,000 | 8,000 |
| 52 | सीमेन्ट बनाने का कारखाना | 9,000 | 10,000 |
| 53 | फ्लोर मिल | 10,000 | 10,000 |
| 54 | दाल मिल | 10,000 | 5,000 |
| 55 | रिइनफोर्स्टर्ड, सीमेन्ट व कंकरीट आदि से ह्यूमपाईप बनाने का करखाना | 5,000 | 10,000 |
| 56 | टेलीवीजन बनाने का करखाना | 4,000 | 10,000 |
| 57 | माचिस बनाने का करखाना | 1,200 | 10,000 |
| 58 | बटन बनाने का कारखाना | 1,000 | 6,000 |
| 59 | मोमबत्ती बनाने का कारखाना | 1,000 | 3,000 |
| 60 | विनियर एण्ड श0 मिल | 2,000 | 7,000 |
| 61 | पेय पदार्थ बनाने का कारखाना/ फैक्ट्री | 10,000 | 50,000 |
| 62 | मिनरल वाटर बनाने का कारखाना | 5,000 | 15,000 |
| 63 | साकिट बनाने का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 64 | प्लाईवुड या माईका बनाने का कारखाना | 4,000 | 10,000 |
| 65 | दवाई बनाने का कारखाना | 3,000 | 7,000 |
| 66 | गत्ते के डिब्बे बनाने का कारखाना | 1,200 | 3,000 |
| 67 | लैमिनेशन का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 68 | दूध पैकेजिंग का कारखाना | 3,000 | 6,000 |
| 69 | कैमिकल्स बनाने का कारखाना | 5,000 | 8,000 |
| 70 | डबल रोटी या बिस्कुट बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 71 | गैस आदि बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 72 | गैस के सिलेण्डर बनाने का कारखाना | 3,000 | 8,000 |
| 73 | वैल्डिंग्स रोड्स बनाने का कारखाना | 3,000 | 6,000 |
| 74 | पीतल की रोड्स बनाने का कारखाना | 3,000 | 6,000 |
| 75 | ढलाई करने का कारखाना | 3,000 | 6,000 |
| 76 | स्टील अलमारी, बक्से, मेज आदि बनाने का कारखाना | 3,000 | 6,000 |
| 77 | पशु आहार बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 78 | धागा बनाने का कारखाना | 2,500 | 4,000 |
| 79 | धागा डबलिंग का कारखाना | 3,000 | 7,000 |
| 80 | दरी, काली आदि बनाने का कारखाना | 5,000 | 7,000 |
| 81 | साबुन बनाने का कारखाना | 3,000 | 2,000 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 82 | डिटर्जेन्ट बनाने का कारखाना | 4,000 | 7,000 |
| 83 | पट्टा बनाने का कारखाना | 3000 | 3,000 |
| 84 | कमानी पट्टा बनाने का कारखाना | 4,000 | 7,000 |
| 85 | रबड़ के टायर ट्यूब बनाने का कारखाना | 8,000 | 15,000 |
| 86 | टायर रिट्रेडिंग | | 4,000 |
| 87 | तिरपाल बनाने का कारखाना | 4,000 | 10,000 |
| 88 | आतिशबाजी सम्बन्धी बनाने का कारखाना | 4,000 | 10,000 |
| 89 | ग्रीस मोबिल ऑयल, काला तेल बनाने का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 90 | चार पहिया वाहन बनाने का कारखाना | 25,000 | 1,00,000 |
| 91 | दो पहिया वाहन बनाने का कारखाना | 10,000 | 50,000 |
| 92 | तार बनाने का कारखाना | 4,000 | 15,000 |
| 93 | तार की जाली बनाने का कारखाना | 1,500 | 3,500 |
| 94 | लालटैन बनाने का कारखाना | 2,500 | 3,000 |
| 95 | रेगमाल बनाने का कारखाना | 2,500 | 4,000 |
| 96 | बैटरी बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 97 | पंखा व कूलर बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 98 | रंग बनाने का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 99 | गम टेप बनाने का कारखाना | 3,000 | 4,000 |
| 100 | ऑटो मोटर्स बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 101 | निकिल पालिस प्लेटिंग करने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 102 | रांगा बनाने का कारखाना | 3,000 | 5,000 |
| 103 | गैस चूल्हा या उसके पार्टस बनाने का कारखाना | 4,000 | 5,000 |
| 104 | हड्डी मिल | 7,000 | 25,000 |
| 105 | सरेश मिल | 4,000 | 5,000 |
| 106 | पेट्रोल पम्प (मील) | 2,000 | 4,000 |
| 107 | डीजल पम्प (मील) | 2,000 | 5,000 |
| 108 | गैस बाटलिंग प्लांट | 25,000 | 25,000 |
| 109 | सादा या काला नमक बनाने का कारखाना | 1,500 | 2,000 |
| 110 | प्रिटिंग प्रेस या आफसेट प्रेस | 1,500 | 2,500 |
| 111 | सिनेमा हॉल | 3,000 | 4,000 |
| 112 | विडियों सिनेमा हॉल | 2,000 | 2,500 |
| 113 | मुर्गा/मुर्गी दाने का कारखाना/फैक्ट्री | — | 3,000 |
| 114 | पैट्रोल पम्प का टैंक बनाने का कारखाना | — | 10,000 |
| 115 | रेडीमेन्ट गारमेन्ट का कारखाना | — | 15,000 |
| 116 | फोम के गद्दे बनाने का कारखाना | — | 15,000 |
| 117 | स्लाटर हाउस/ इंटीग्रेटेड फूड प्रोसेसिंग प्लांट | — | 1,00,000 |
| 118 | ट्रांसफारमर फैक्ट्री | — | 20,000 |
| 119 | स्टील के बर्तन बनाने का कारखाना | — | 15,000 |
| 120 | एयर कंडीशनर बनाने का कारखाना | — | 10,000 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 121 | जूट, सन व नायलोन बनाने का कारखाना | — | 5,000 |
| 122 | शीशा बनाने का कारखाना | — | 3,000 |
| 123 | पीपरमिण्ट बनाने का कारखाना | — | 2,000 |
| 124 | चमड़ा टैनरी का कारखाना | — | 25,000 |
| 125 | जैविक कारखाना | — | 5,000 |
| 126 | स्टोन क्रेशर | — | 15,000 |
| 127 | आईसक्रीम बनाने का कारखाना | 1,250 | 2,000 |
| 128 | गत्ता बनाने का कारखाना (छोटा) | 2,500 | 3,000 |
| 129 | पत्थर या ईट की रोड़ी या सुर्खी बनाने का कारखाना | 2,500 | 5,000 |
| 130 | कोयले की राख से बाईप्रोडक्ट या टिक्की बनाने का कारखाना | 700 | 1,000 |
| 131 | गंधक, फिटकरी या कल्मीशोंरा बनाने का कारखाना | 2,500 | 2,500 |
| 132 | अन्य व्यवसाय, संस्थायें, गोदाम जो उपरोक्त वर्गीकरण में नही आये | 5,000 | 7,000 |
| 133 | सर्वे या ड्राईंग बनाने का कारखाना | 2,000 | 2,000 |
| 134 | उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य कारखाना (कुटीर उद्योग) | 2,000 | 2,500 |
| 135 | उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य कारखाना (लघु उद्योग) | 4,000 | 6,000 |
| 136 | उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य कारखाना (बृहत उद्योग) | 10,000 | 30,000 |
| 137 | भारी उद्योग लागत 05 करोड़ से अधिक | — | 75,000 |
| 138 | आटा चक्की | 150 | 200 |
| 139 | धान कूटने की मशीन | 200 | 200 |
| 140 | धान कूटने का मिनी सेलर | 1,000 | 1,000 |
| 141 | तेल निकालने का कोल्हू | 200 | 250 |
| 142 | रूई अथवा ऊन धुनने की मशीन | 100 | 200 |
| 143 | बर्मा मशीन, वैल्डिंग मशीन, रसायन मशीन, सेपर मशीन, हवा मशीन (प्रति मशीन) | 200 | 300 |
| 144 | कपड़े की दुकान | 200 | 300 |
| 145 | कपड़ा धोने की दुकान | 200 | 300 |
| 146 | परचून की दुकान | 200 | 300 |
| 147 | किराना की दुकान | 300 | 300 |
| 148 | बिसात खाने कि दुकान | 200 | 300 |
| 149 | बर्तनों की दुकान | 200 | 300 |
| 150 | हलवाई / मिठाई, खाण्ड, बूरा बतासे की दुकान | 300 | 500 |
| 151 | चाय या पान, बीड़ी, सिगरेट की दुकान | 100 | 100 |
| 152 | खाना बनाने का ढाबा | 400 | 500 |
| 153 | होटल एवं रेस्टोरेन्ट आदि | 500 | 1,000 |
| 154 | बेकरी की दुकान | 300 | 500 |
| 155 | ठण्डे पेय की दुकान | 200 | 500 |
| 156 | हेयर कटिंग की दुकान | 100 | 200 |
| 157 | ब्यूटी पार्लर | 400 | 500 |
| 158 | पुस्तक स्टेशनरी की दुकान | 150 | 300 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 159 | दवाई की दुकान | 250 | 300 |
| 160 | हकीम, वैद्य, डाक्टरी की दुकान | 200 | 500 |
| 161 | नर्सिंग होम या प्रसूति गृह | 500 | 1,000 |
| 162 | जूते की दुकान | 150 | 300 |
| 163 | आढ़त की दुकान | 500 | 500 |
| 164 | अनाज खलचूरी दाने की दुकान (10 कुन्टल तक) | 300 | 600 |
| 165 | अनाज खलचूरी दाने की दुकान (10 कुन्टल से अधिक तक) | 500 | 1,000 |
| 166 | इमारती लोहे के सामान की दुकान छोटी | 250 | 500 |
| 167 | इमारती लोहे के सामान की दुकान बड़ी | 500 | 1,000 |
| 168 | स्वर्णकार/सोने चांदी के आभूषणों की दुकान | 300 | 600 |
| 169 | इमारती लगकड़ी की दुकान | 300 | 600 |
| 170 | कृषि सम्बन्धी मशीनरी की दुकान | 250 | 500 |
| 171 | सईकिल मरम्मत की दुकान | 100 | 200 |
| 172 | मशीनरी/ मिट्टी तेल या चिकनाई की दुकान | 250 | 300 |
| 173 | फोटोग्राफर/फोटो स्टूडियों की दुकान | 200 | 500 |
| 174 | सीमेन्ट या खाद की दुकान | 300 | 500 |
| 175 | कीटनाशक दवाईयों की दुकान | 300 | 500 |
| 176 | नल, टयूबवैल आदि बोरिंग करना | 300 | 500 |
| 177 | ईंजन, ट्रैक्टर आदि मशीनरी की मरम्मत | 300 | 500 |
| 178 | चटाई, मुडढे आदि बनाना व बेचना | 400 | 500 |
| 179 | बीच की दुकान | 300 | 500 |
| 180 | कोयले की डिपो | 250 | 500 |
| 181 | टेन्ट क्राकरी आदि की दुकान | 500 | 1,000 |
| 182 | फर्नीचर की दुकान | 200 | 500 |
| 183 | बैण्ड बाजा की दुकान | 300 | 300 |
| 184 | खड्डी (हस्तचालित प्रत्येक) | 100 | 200 |
| 185 | सर्विस स्टेशन अथवा वर्कशाप | 1,000 | 1,000 |
| 186 | घड़ी या रेडियो की दुकान | 200 | 300 |
| 187 | टेलीविजन बेचने की दुकान | 800 | 1,000 |
| 188 | टेलीविजन आदि मरम्मत की दुकान | 300 | 300 |
| 189 | लोहे की कतरन आदि का भण्डारन | 800 | 1,000 |
| 190 | फल सब्जी आदि की दुकान | 200 | 200 |
| 191 | कपड़ा सिलाई की दुकान | 150 | 200 |
| 192 | घी या तेल की दुकान | 250 | 500 |
| 193 | तेल या पेटी डीलर | 500 | 500 |
| 194 | लकड़ी की टाल | 200 | 500 |
| 195 | टीन के बक्से, अलमारी, सन्दूक, टंकी, कुर्सी मेज आदि की दुकान | 500 | 1,000 |
| 196 | स्कूटर मोटर साईकिल आदि की मरम्मत की दुकान | 200 | 400 |
| 197 | रेडीमेट गारमेन्ट की दुकान | 200 | 500 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| | | रु0 | रु0 |
| 198 | बांस, बल्ली, रेत, बजरपुर, रोड़ी आदि की दुकान | 250 | 500 |
| 199 | सस्ते गल्ले की दुकान | 200 | 500 |
| 200 | बिजली, मोटर, पंखे बल्ब, तार आदि समस्त बिजली सम्बन्धी सामान की दुकान | 200 | 500 |
| 201 | अण्डा आदि बेचने की दुकान | 200 | 200 |
| 202 | गैस चूल्हा पेट्रोमैक्स, स्टोव आदि बेचने या मरम्मत की दुकान | 300 | 200 |
| 203 | चूडियों की दुकान | 200 | 400 |
| 204 | चश्मों की दुकान | 200 | 500 |
| 205 | दूध कार्य / क्रीम निकालना / दूध से पनीर बनाना एवं दुध की छोटी डेयरी | 150 | 500 |
| 206 | दूध की डेयरी बड़ी | 1,000 | 2,500 |
| 207 | मावा बनाने की भट्टी / दुकान | 300 | 500 |
| 208 | गैस सर्विस या गैस गोदाम | 4,000 | 2,000 |
| 209 | फर्शी कांटा या धर्म कांटा | 400 | 800 |
| 210 | कमीशन ऐजेन्ट या ट्रांसपोर्ट ऐजेन्ट | 1,000 | 2,000 |
| 211 | स्कूटर, मोटरसाईकिल मोपेड एजेन्सी | 2,000 | 4,000 |
| 212 | कार, ट्रैक्टर, थ्री व्हीलर एजेन्सी | 3,000 | 5,000 |
| 213 | बस, ट्रक आदि की बॉडी बनाना | 1,000 | 2,000 |
| 214 | लोहे के गेट, जॉली या ग्रील बनाना | 500 | 1,000 |
| 215 | अंग्रेजी, देशी शराब की दुकान | 2,500 | 5,000 |
| 216 | बीयर की दुकान | 2,000 | 3,000 |
| 217 | अफीम, गांजा, भांग ताड़ी, डोडे पोस्त की दुकान | 500 | 1,000 |
| 218 | बैंकिट हॉल, लॉजिंग हॉल | 3,000 | 6,000 |
| 219 | भूसा या चारे की दुकान | 500 | 500 |
| 220 | सार्वजनिक नर्सरी | 500 | 500 |
| 221 | मूर्गी फार्म / सूअर फार्म | 500 | 1,000 |
| 222 | सीमेन्ट, कंकरीट की जाली, पिलर आदि बनाना | 500 | 1,000 |
| 223 | तकनीकी स्तर की शैक्षणिक संस्थायें | — | 7,000 |
| 224 | कक्षा-8 से कक्षा-12 तक के स्तर की निजी शैक्षणिक संस्थायें | — | 5,000 |
| 225 | नर्सरी से कक्षा-8 तक की निजी शैक्षणिक संस्थायें | — | 2,000 |
| 226 | उपरोक्त के अतिरिक्त कोई व्यसाय या छोटी दुकान | 400 | 500 |
| 227 | उपरोक्त के अतिरिक्त कोई व्यसाय या बड़ी दुकान | 1,000 | 2,000 |

## दण्ड

जिला पंचायत मेरठ उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की धारा–240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा वह अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा जो अंकन रू0 5000.00 (पांच हजार) तक होगा, और यदि ऐसा उल्लंघन जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड से दण्डित होगा जो प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध हो जाये कि उनमें अपराधी अपराध करता रहा है, उस पर रू0 100.00 प्रतिदिन तक अर्थ दण्ड हो सकेगा अथवा अर्थ दण्ड का भुगतान न किया जाये तो कारावास से दण्डित किया जायेगा जो तीन मास तक हो सकेगा।

सुरेन्द्र सिंह,
आयुक्त,
मेरठ मण्डल, मेरठ।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ

पी0एस0यू0पी0–22 हिन्दी गजट–भाग 3–2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

प्रेषक,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, मेरठ।

सेवा में,

उप निदेशक,
जिला पंचायत, अनुश्रवण कोष्ठक
पंचायती राज विभाग
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

पत्रांकः–1997/जि0पं0मेरठ/2024–25 दिनांकः–11-12-2024

महोदय,

कृपया शासन द्वारा समस्त जिला पंचायतों से उनके यहाँ लागू/प्रभावी लाईसेंस उपविधियों की सत्याति सूची चाही गयी है।

अतः उक्त क्रम में जिला पंचायत, मेरठ में लागू/प्रभारी लाईसेंस उपविधियों की सत्यापित सूची प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नकः**–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(भारती धामा)
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, मेरठ।